दैनिक न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, रविवार 12 नवंबर 2023

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### 15 से होने वाली बीएससी नर्सिंग परीक्षा अब 22 से

**रायपुर (आरएनएस)।** विधानसभा चुनाव के कारण बीएससी नर्सिंग प्रथम, द्वितीय व तृतीय सेमेस्टर की 15 से होने वाली परीक्षा स्थगित हो गई है. इस संबंध में हेल्थ साइंस विवि ने अधिसूचना जारी कर दी है। स्थगित परीक्षा अब 22 से शुरू होकर 25 तक चलेगी. तीनों ही कक्षाओं की परीक्षा में 12 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं के शामिल होने की संभावना है. प्रदेश में सरकारी के 8 समेत नर्सिंग के कुल 145 कॉलेज है, जिसमें 115 कॉलेजों में बीएससी कोर्स चल रहा है. नर्सिंग में पिछले साल से सेमेस्टर प्रणाली से परीक्षा शुरू हुई है. पहले जारी रिजल्ट में महज 41 व दूसरी बार के रिजल्ट में 52 फीसदी छात्र-छात्राएं पास हुए थे. यानी जब एक साल में एक बार परीक्षा होती थी, तब रिजल्ट 60 फीसदी के आसपास आता था. सेमेस्टर प्रणाली का सिस्टम पूरे देशभर में हुआ है. विवि के अधिकारियों के अनुसार परीक्षा के लिए टाइम-टेबल सितंबर में घोषित किया गया था. तब विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम जारी नहीं हुआ था. परीक्षा के लिए पहले ही केंद्र घोषित कर दिया गया था. परीक्षा केंद्र ज्यादातर सरकारी कॉलेज है. निजी कॉलेजों में भी स्टूडेंट परीक्षा देंगे. इसके लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है.

### राजधानी रायपुर में प्रियंका करेंगे रोड शो

**रायपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी 14 नवंबर को छत्तीसगढ़ आएंगी। रायपुर में प्रियंका गांधी कांगे्रस के पक्ष में माहौल बनाने के लिए एक रोड शो में शामिल होंगी। इसके अगले दिन याने 15 नवंबर को एआईसीसी पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी छत्तीसगढ़ आएंगे। इसके बाद एआईसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का दौरा भी संभावित है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को अब एक हफ्ते से भी कम का समय बचा है। इससे पहले प्रदेश में अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए तमाम सारी पार्टियों के दिग्गज नेता लगातार जनता के बीच पहुंचकर अपने पक्ष में वोट की अपील कर रहें है। जहां एक तरफ बीजेपी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है तो कांग्रेस भी पीछे नहीं है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी दूसरे चरण से पहले छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहीं है।

### दो बाइकों में भिड़ंत : पांच की हालत नाजुक

**बलौदाबाजार-रायपुर (आरएनएस)।** कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम सेल और कटगी के मध्य दो बाइकों के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इनमें चार पुरुष और एक महिला शामिल हैं। कसडोल थाना प्रभारी लखेश केंवट के अनुसार हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित ग्राम कटगी और सेल के मध्य हुआ है। बीच दो मोटरसाइकिल सवारों में टक्कर हुई है। इसमें पांच गंभीर हो गए हैं, जिन्हें कसडोल के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है. घायलों का इलाज जारी है. घायल कहां के निवासी हैं? यह पता नहीं चल पा रहा है. मोटरसाइकिल नंबर के आधार पर पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

### एक संडे ड्यूटी मिलने से श्रमिक आक्रोशित

**कोरबा (आरएनएस)।** एसईसीएल केन्द्रीय कर्मशाला कोरबा पूर्व में संडे ड्यूटी में कटौती की जा रही है। अब तक दो संडे ड्यूटी मिलता था। बजट कम बताकर अब एक संडे ड्यूटी दिया जाएगा। संडे ड्यूटी में कटौती होने पर श्रमिकों में आक्रोश है। यूनियन प्रतिनिधियों का मानना है कि दीवाली के बाइ इसके लिए प्रयास किया जाएगा । आवेदन पत्र देने के साथ साथ सांसद से भी मुलाकात की जाएगी।

# जिले में प्रशासन और पुलिस के साथ 27 अर्ध सैनिक बलों की तुकड़ी ने शांतिपूर्ण मतदान कराने संभाला मोर्चा

- रायगढ़ जिले में द्वितीय फेज में 17 नवंबर को होना है मतदान, जिले की 1085 पोलिंग बूथ की होगी त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था
- 4,000 सुरक्षाकर्मियों के साथ 58 विशेष पेट्रोलिंग, 20 एसएसटी और 14 फ्लाइंग स्क्वाड और 14 क्विक एक्शन टीम से होगी निगरानी
- अर्ध सैनिक बलों के साथ जिले में चुनाव कराने पहुंचे जिला कांकेर के जवान और ओड़िसा होमगार्ड का बल





**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण में रायगढ़ जिले के 4 विधानसभा-लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया और धरमजयगढ़ के लिए 17 नवंबर को मतदान होना है। जिले के चारों विधानसभा में 1085 मतदान केंद्र हैं जिन्हें सुरक्षा की दृष्टि से 681 सामान्य और 404 मतदान केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सामान्य और संवेदनशील श्रेणी के मतदान केंद्र पर अर्धसैनिक बल और स्थानीय पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है। जिले के संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए जिला पुलिस ने त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है जिसमें होमगार्ड/वनरक्षक, जिला पुलिस और अर्ध सैनिक बलों के जवान तैनात होंगे। चार विधानसभा वाले रायगढ़ जिले में शांतिपूर्ण मतदान के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 27 कंपनियां प्राप्त हुई है। इसके साथ जिला पुलिस बल कांकेर से 100 जवान, 350 नगर सैनिक उड़ीसा, 100 नगर सैनिक जिला रायगढ़, 80 वनरक्षक जिला रायगढ़ के साथ जिला पुलिस के 500 जवान मतदान केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था एवं पेट्रोलिंग में लगाया गया है।

विदित हो कि जिले के विभिन्न चेक पोस्ट पर 20 स्थैतिक निगरानी दल (SST), 14 उड़नदस्ता (FST) और 14 क्विक एक्शन टीम (QRT) कार्यरत है। इसके अलावा मतदान तिथि के एक दिन पूर्व 58 अतिरिक्त पेट्रोलिंग पार्टी विशेष रूप से पेट्रोलिंग पर रहेंगे।

ज्ञात हो कि विगत दिनों हुई बॉर्डर मीटिंग के बाद उड़ीसा राज्य पुलिस का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। दोनों राज्यों की पुलिस अंतर जिला एवं अंतर्राज्यीय सीमाओं पर मोर्चा संभाले हुए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के मार्गदर्शन पर प्राप्त हुए अर्धसैनिक बलों के साथ जिला पुलिस बल एरिया डोमिनेशन का निरंतर कार्य कर रही है। 16 नवंबर को मतदान दल वितरण केंद्र से मतदान सामग्री लेकर मतदान केदो के लिए रवाना होंगे। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन व पुलिस की पूरी तैयारी है।

जिला कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार द्वारा जिले के मतदाताओं से लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने 17 नवंबर को मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने की अपील किया गया है। जिले में शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी सुरक्षा इंतजाम किए जा चुके है जिलेवासियों को सुरक्षा को बोध कराने केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ सभी थाना क्षेत्र में पुलिस फ्लैग मार्च कर रही है। मतदाता मतदान तिथि को निर्भिग्य होकर अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

## छत्तीसगढ़ में हाथियों का आतंक : हाथी के हमले से पति की मौत, पत्नी गंभीर



**गौरेला पेंड्रा मरवाही (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में हाथियों का आतंक जारी है. हाथी के हमले से एक और व्यक्ति की मौत हो गई. यह घटना मरवाही वन मंडल के मरवाही वन रेंज के उषाढ़ बीट की है, जहां बीती रात खेतों में अपनी फसलों की रखवाली कर रहे पति पत्नी पर हाथी ने हमला कर दिया. अचानक हुए हमले में पति की मौत हो गई. वहीं पत्नी गंभीर रूप से घायल है.

इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है. बताया जा रहा है मृतक अशोक खैरवार उम्र 37 वर्ष अपनी फसल की रक्षा के लिए खेतों के खलिहान में थे, जहां फसल को खाने के चक्कर में हाथी ने पति-पत्नी पर हमला कर दिया. हाथी के कुचले जाने के कारण अशोक की दर्दनाक मौत हो गई. मृतक को हाथी कुचलते हुए 30 40 फीट तक ले गया. वहीं दूसरी मृतक की पत्नी की स्थिति गंभीर बनी हुई है. उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही में भर्ती कराया गया है.

### सूरजपुर से फिर आया हाथियों का दल, केंदई रेंज में बढ़ी परेशानी

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के वनमंडल कटघोरा एवं कोरबा के जंगलों में बड़ी संख्या में हाथी घूम रहे हैं जिससे वन विभाग एवं ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। 11 हाथियों का दल एक बार फिर केंदई रेंज के छिंदिया परिसर में सूरजपुर से पहुंच गया है जबकि कोरबी परिसर में 47 हाथी अभी भी जमे हुए हैं। सूरजपुर से पहुंचे हाथियों के दल को मिलाकर केंदई रेंज में सक्रिय हाथियों की संख्या 58 पहुंच गई है। हालांकि हाथियों ने अभी कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है लेकिन देर-सबेर उत्पात की संभावना को देखते हुए वन विभाग सतर्क हो गया है। अमले द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है। हाथियों की मौजूदगी वाले छिंदिया के साथ-साथ कोरबी एवं आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। उनसे कहा जा रहा है कि बड़ी संख्या में हाथी क्षेत्र में घूम रहे हैं अतरू उनसे दूरी बनाए रखें। इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में भी हाथी समस्या कायम है। यहां 26 की संख्या में घूम रहे हाथियों ने गीतकुंआरी गांव में लगभग एक दर्जन किसानों की फसल को रौंद दिया है। जबकि एक दंतैल हाथी चचिया परिसर में घूम रहा है। वन विभाग द्वारा गीतकुंआरी में हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया गया है।

## दुर्ग-पटना के मध्य एक फेरे के लिए छठ पूजा स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा



**रायपुर (आरएनएस)।** छठ पूजा के दौरान ट्रेन में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ के दौरान यात्रियों को अधिक से अधिक कन्फर्म बर्थ/सीट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दुर्ग एवं पटना के मध्य एक फेरे के लिए छठ स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन व्हाया राउरकेला, रांची, गया के मार्ग से चलाई जा रही है।

यह ट्रेन 08793 नंबर के साथ दुर्ग से दिनांक 15 नवंबर (बुधवार) को दोपहर 14.45 बजे दुर्ग से प्रस्थान करेगी । इस ट्रेन का रायपुर आगमन 15.40 बजे एवं प्रस्थान 15.45 बजे, भाटापारा आगमन 16.27 बजे एवं प्रस्थान 16.29 बजे, बिलासपुर आगमन 17.35 बजे एवं प्रस्थान 17.44 बजे, चाम्पा आगमन 18.23 बजे एवं प्रस्थान 18.25 बजे, रायगढ़ आगमन 19.18 बजे एवं प्रस्थान 19.20 बजे, झारसुगुड़ा आगमन 20.40 बजे एवं प्रस्थान 20.42 बजे तथा यह ट्रेन राउरकेला, हटिया, रांची, मुरी, बोकारो, चंद्रपुरा, गोमो, कोडरमा, गया, जहानाबाद स्टेशन होते हुए अगले दिन दिनांक 16 नवंबर (गुरुवार) को सुबह 09.30 बजे पटना पहुँचेगी । इसी प्रकार यह ट्रेन 08794 नंबर के साथ दिनांक 16 नवंबर (गुरुवार) को प्रात: 10.30 बजे पटना स्टेशन से दुर्ग के लिए प्रस्थान करेगी । यह ट्रेन जहानाबाद, गया, कोडरमा, गोमो, चंद्रपुरा, बोकारो, मुरी, रांची, हटिया, राउरकेला स्टेशन होते हुए झारसुगुड़ा आगमन 00.58 बजे एवं प्रस्थान 00.10 बजे (17/11/2023), रायगढ़ आगमन 02.10 बजे एवं प्रस्थान 02.12 बजे, चाम्पा आगमन 03.23 बजे एवं प्रस्थान 03.25 बजे, बिलासपुर आगमन 04.35 बजे एवं प्रस्थान 04.45 बजे, भाटापारा आगमन 05.28 बजे एवं प्रस्थान 05.30 बजे, रायपुर आगमन 07.10 बजे एवं प्रस्थान 07.15 बजे एवं दिनांक 17 नवंबर (शुक्रवार) को दुर्ग स्टेशन पहुंचेगी । इस गाड़ी में कुल 22 कोच उपलब्ध रहेंगी ।

# व्यय प्रेक्षक ओमप्रकाश एवं पी.सुगेन्द्रन ने ली निर्वाचन व्यय निगरानी को लेकर एनफोर्समेंट एजेंसीज के नोडल अधिकारियों की बैठक

- व्यय निगरानी को बढ़ाने और कार्यवाही में प्रगति लाने के साथ आयोजनों की अनुमति की जांच के दिए निर्देश
- गाड़ियों की बारीकी से जांच के साथ रेलवे स्टेशनों में कड़ी रखने अधिकारियों को किया निर्देशित
- व्यय प्रेक्षकद्वय से प्रात: 11 से दोपहर 12 बजे तक कर सकते हैं मुलाकात, इन नंबर पर भी कर सकते हैं संपर्क

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के चार विधानसभाओं के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक ओमप्रकाश एवं पी.सुगेन्द्रन ने आज कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में जिले में व्यय निगरानी व कार्यवाही के संबंध में एनफोर्समेंट एजेंसी के नोडल अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। जिसमें उन्होंने अब तक की कार्यवाहियों की समीक्षा की और आगामी कार्ययोजना को लेकर दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

बैठक में व्यय प्रेक्षक ओमप्रकाश ने व्यय निगरानी कार्य में संलग्न एनफोर्समेंट एजेंसी के नोडल अधिकारियों को व्यय निगरानी संबंधी कार्यवाही में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि संलग्न विभाग आपसी समन्वय करते हुए आयोजित सभा तथा अन्य आयोजनों के अनुमति की जांच करें, जिससे संबंधित दल के खर्चों में व्यय को संधारित किया जा सके।

इस दौरान उन्होंने विभागवार कार्यों की समीक्षा करते हुए आबकारी विभाग को उनके चेक पोस्ट, मुखबिरो की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी चेक पोस्ट में एक्टिव मोड़ में कार्य करते हुए, शराब तस्करी पर नजर रखें। इसके साथ ही होने वाले विक्रय की जानकारी उपलब्ध करवाए। स्थैतिक निगरानी दल को वाहनों की नियमित रूप से सघनता से जांच के निर्देश उन्होंने दिए। संदिग्ध वाहन एवं ऐसी गाडिय़ां जिनके माध्यम से किसी भी प्रकार के अवैध परिवहन की आशंका हो उसकी बारीकी से जांच करें। उन्होंने जीआरपी को सभी स्टेशन के साथ ही ओडिशा से आने वाले गाडिय़ों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने सीजी जीएसटी को जिले में स्थित गोदाम की जानकारी लेते हुए, जांच करने एवं आयकर विभाग को भी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान व्यय प्रेक्षकों ने एफएसटी, एसएसटी तथा वीएसटी को कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की कही भी सीज की कार्यवाही होने पर तत्काल इसकी जानकारी प्रदान की जाए। उन्होंने वाहनों की जांच हेतु गति नियंत्रण के लिए बेरीकेट के साथ फोर्स लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे, सहायक आयुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**व्यय प्रेक्षकद्वय से प्रात: 11 से दोपहर 12 बजे तक कर सकते हैं मुलाकात, इन नंबर पर भी कर सकते हैं संपर्क-** विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायगढ़ जिले के 4 विधानसभा क्षेत्र के लिए 2 व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इनमें विधानसभा क्षेत्र 15-लैलूंगा एवं 16-रायगढ़ के लिए (आईआरएस)श्री ओमप्रकाश को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। जिनका मोबा. नं.75870.16557 है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र 18-खरसिया एवं 19 धरमजयगढ़ के लिए पी.सुगेन्द्रन (आईए एण्ड एएस) को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। जिनका मोबा. नं.75870.16558 है। दोनों व्यय प्रेक्षक पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक कलेक्टोरेट सृजन सभाकक्ष के आब्जर्वर कार्यालय, रायगढ़ में उपस्थित रहेंगे। जिले के राजनैतिक दल, मीडिया, प्रतिनिधि एवं आम जनता उनसे नियत समय में मिल सकते है।

## ग्रामीणों ने मतदान के लिए लिया दीप संकल्प और बनाया 'वोट फॉर बेटर इंडिया' का रंगोली



- बरमकेला सरिया क्षेत्र में दीपावली थीम पर मतदाता जागरूकता अभियान जारी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** आगामी एक सप्ताह में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, सीईओ बरमकेला प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में सरिया और बरमकेला क्षेत्र के गावों में धनतेरस, चतुर्दश और दीपावली के दिन दीपावली थीम पर मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कई गावों में ग्रामीण जन, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा सभी मतदान करने के लिए दीप का संकल्प ले रहे हैं। बच्चे और युवाओं ने "वोट फॉर बेटर इंडिया" का रंगोली बनाया।

## विधानसभा निर्वाचन-2023 : निर्वाचन के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों का दिया गया प्रशिक्षण



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कमीशनिंग कार्य के संबंध में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन सुबह 10 बजे से किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज एवं रिटर्निंग अधिकारी द्वय मोनिका वर्मा व स्निग्धा तिवारी ने इस अवसर पर उपस्थित सभी सेक्टर अधिकारियों को त्रुटिपूर्ण मतदान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात् प्रशिक्षण प्रभारी मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी द्वारा ट्रेनिंग में मतदान प्रक्रिया के लिए कमीशनिंग की आवश्यकता के साथ ही ईवीएम और वीवीपैट मशीन को तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व और जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया। प्रशिक्षण में उनके द्वारा बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्हीव्हीपैट के संचालन करने के साथ ही प्रत्येक मशीनों को एक दूसरे से केबल कनेक्शनों से कनेक्ट करना, एड्रेस टैग लगाना, पिंक पेपर सील करना, पेपर रोल, मतदान पत्र लगाना, लॉक करना, सील करना, मॉक पोल, विभिन्न प्रपत्रों सहित अन्य गतिविधियों से विस्तार से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सभी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर्स और संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्कूली बच्चों ने रैली और नारा से मतदान करने किया प्रेरित





**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में पूरे जिले में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है। सारंगढ़ विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्कूली बच्चों द्वारा पोस्टर, नाटक, रंगोली, नृत्य, रैली, नारा आदि के माध्यम से गांव के मतदाताओ को मतदान करने की अपील की। महिला समूह की सदस्य महिलाओं ने ष्मैं भारत हूंए भारत है मुझमें, मैं ताकत हूं ताकत है मुझमें का सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही एकलव्य स्कूल के बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी।

इस कार्यक्रम में स्वीप के जिला नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी एस एन भगत, सीईओ सारंगढ़ जनपद पंचायत संजू पटेल, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार कुर्रे, विद्यालय की प्राचार्य विभावरी ठाकुर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

00000

## महिलाओं ने मतदान जागरूकता के लिए सामूहिक मेंहदी लगवाई



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** ग्रामीणों में धान की कटाई का दौर शुरू हो चुका है। इस धान कटाई के मध्य जिले के दोनों विधानसभा सारंगढ़ और बिलाईगढ़ सहित रायगढ़ विधानसभा अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों में में 17 नवंबर 2023 को मतदान होगा। सारंगढ़ विकासखंड के सालर क्लस्टर के ग्राम भवरपुर की ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित करने स्वसहायता समूह की और ग्रामीण महिलाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के लिए हाथों मे मेंहदी लगवाई।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480